[This question paper contains 6 printed pages.]

5856 *आपका अनुक्रमांक ....*

B.A. (Prog.)/II/III **E**

HINDI LANGUAGE (C)—Paper II

हिंदी भाषा (ग)–प्रश्नपत्र II

(प्रवेश वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए/NCWEB के विद्यार्थियों के लिये)

समय : 3 घण्टे *पूर्णांक : 75*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

टिप्पणी : *प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।*

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं दो अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) धर्म और ईमान के नाम पर किए जाने वाले इस भीषण व्यापार को रोकने के लिए साहस और दृढ़ता के साथ उद्योग होना

चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होगा, तब तक भारतवर्ष में नित्य प्रति बढ़ते जाने वाले झगड़े कम न होंगे। धर्म की उपासना के मार्ग में कोई रुकावट न हो। जिसका मन जिस प्रकार चाहे, उसी प्रकार धर्म की भावना को अपने मन में जगावे। धर्म और ईमान मन का सौदा हो, ईश्वर और आत्मा के बीच का संबंध हो, आत्मा को शुद्धि करने और ऊँचे उठाने का साधन हो।

(i) इस पाठ का शीर्ष एवं लेखक का नाम बताइए।

(ii) भीषण व्यापार से क्या तात्पर्य है?

(iii) धर्म की उपासना में किस प्रकार की रुकावटें आती हैं?

(iv) धर्म और ईमान के बीच का संबंध स्पष्ट कीजिए।

(ख) संशय-

इस भाव को मिटा दो
रोशनी जल उठेगी
तुममें निर्भय।
पीठ पर रखा छुरा
लगेगा प्रोत्साहन का स्पर्श
और तुम बिजली की तरह
आगे बढ़ जाओगे अक्षय।
उस आँख में देखो
अपनी आँख
लौ तेज होगी
बनेगी एक दृष्टि-लय
उस हाथ में रख दो

अपना हाथ

सेतु निर्मित होगा

मिटेगा प्रयलय

(i) कविता का शीर्षक एक कवि का नाम लिखिए।

(ii) संशय के स्थान पर किस मूल्य की स्थापना की गई है?

(iii) जीवन-मार्ग का सशक्त माध्यम क्या है?

(iv) 'दृष्टि-लय' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) इससे कहीं अधिक व्यापक और भयावह है वह महीन किस्म की स्त्री-विरोधी हिंसा, जिसकी जड़ें हमारी परिवार-व्यवस्था की दैनिक जीवनधारा में पैठी हुई हैं और जिसके तहत बहू-पत्नी-बेटी पर मामूली-से कारण पर भी हाथ उठाना एक तरह से समाज-स्वीकृत कर्म हो जाता है। यही वजह है कि मायके में माता-पिता या भाइयों द्वारा अपनी बेटी पर की जाने वाली या एक ब्याहता स्त्री पर पति या ससुरालियों द्वारा की जाने वाली हिंसा को जव तक लड़की मर न जाए, हम लोग प्राय: देखकर भी नहीं देखते।

(i) इस पाठ के शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) 'महीन किस्म की हिंसा'-का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) किस कारण से लड़कियों के साथ की जाने वाली हिंसा को अनदेखा किया जाता है?

(iv) हिंसा की जड़े कहाँ पैठी हैं?

(8,8=16)

2. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(i) ग्रामीण परिवेश के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। (बलदेव सिंह)

(ii) रचनाओं की सुन्दरता की पहचान पर प्रकाश डालिए। (भाषा का प्रश्न: प्रेमपत्रों के संदर्भ में)

(iii) अंग्रेज़ी के प्रति निरन्तर बढ़ता मोह एक गंभीर समस्या क्यों है? (चंद्रमा के देश में)

(iv) 'धर्म की आड़'-लेख की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए। (9)

3. (क) पश्चिमी हिन्दी की किन्हीं दो बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (4)

(ख) राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी का परिचय दीजिए। (4)

(ग) किन्हीं चार शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:
द्वन्द, आधाशिला, सन्यास, चिन्ह, रचइता, आंख (4)

4. निम्नलिखित अपठित अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
यहाँ सप्राण युगान्तर कहीं नहीं दिखता है। मरघटों के पुजारी ही पूज्य बने हुए हैं। जो जितना ही मारक है, विध्वंसक है, वह उतना ही महान है, पूज्य है। ऐसे महानुभाव भी अपने को जनवादी, जनतंत्रवादी और सत्यवादी कहते हैं, पर दीपक तले अंधेरा है। विडम्बना यह है कि ये कोई वास्तविक जनकल्याण नहीं चाहते हैं। ये सत्ता और सिंहासन के भूखे हैं। जनता भाड़ में जाए, वह नारों के द्वारा मूर्ख बनी रहे, यह राजनीति का राज है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। (1)

(ii) 'दीपक तले अंधेरा' का आशय क्या है? (2)

(iii) आज की राजनीति का राज क्या है? (2)

5. खाता खोलने के लिए बैंक के नाम पत्र लिखिए।

अथवा

जीवन–बीमा पॉलिसी की आवश्यक जानकारी के लिए प्रबंधक के नाम पत्र लिखिए। (5)

6. निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों में से किन्हीं चार का वाक्य में प्रयोग कीजिए:

आग बबूला होना, ईद का चाँद होना, उल्टी गंगा बहाना, कलेजे पर पत्थर रखना, खटाई में पड़ना, गले का हार होना (4)

7. किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए:

(i) वह रोता रोता हँसने लगा।

(ii) वह कदापि भी झूठ नहीं बोलता।

(iii) गीता सबसे श्रेष्ठतम ग्रंथ है।

(iv) एक पानी का गिलास लाओ।

(v) यह भोजन दस आदमी के लिए है।

(vi) सीता कल सुबह को आएगी। (4)

8. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए:

(i) विज्ञान का जादू

(ii) प्रजातंत्र का आदर्श

(iii) पर्यावरण की सुरक्षा (8)

9. 'नगर-निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल'

अथवा

कॉलेज में एन.सी.सी की प्रतियोगिता पर एक प्रतिवेदन लिखिए। (4)

10. (क) समांतर कोश की परिभाषा देते हुए उसका महत्त्व बताइए। (4)

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए:

पलक, जीव, अनाज, जड़, कलम, महत्त्व, शिक्षा, संध्या (4)